विद्या सवर्थि साधिका

# आनंदालय

सामयिक परीक्षा-2

कक्षा : आठवीं

| | |
|---|---|
| विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 50 |
| दिनांक : 29-09-2023 | निर्धारित समय : 2 घंटे |

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ', और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल पाँच बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में तीन वर्णनात्मक (उप प्रश्नों सहित) प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

## खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए अनिवार्य है। अज्ञान के अंधकार में जीना तो मृत्यु से अधिक कष्टकर है। ज्ञान के प्रकाश से ही जीवन के रहस्य खुलते हैं और हमें अपनी पहचान मिलती है। शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और देह का उचित प्रयोग करना सिखाती है। यह शिक्षा जो मानव को पाठ्य-पुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिंतन न दे, व्यर्थ है। यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती, तो उससे क्या लाभ | सहृदय, सच्चा परन्तु अनपढ़ मज़दूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है जो निर्दय और चरित्रहीन है। संसार के सभी वैभव और सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बना सकते जब तक कि मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो। हमारे कुछ अधिकार व उत्तरदायित्व भी हैं। शिक्षित व्यक्ति को अपने उत्तरदायित्वों एवं कर्तव्यों का उतना ही ध्यान रखना चाहिए जितना कि अधिकारों का क्योंकि उत्तरदायित्वों को निभाने एवं कर्तव्य पालन के बाद ही हम अधिकार पाने के अधिकारी बनते हैं ।

(i) मृत्यु से भी अधिक कष्टकर क्या है?

(क) मूर्खतापूर्वक जीना (ख) गरीबी में जीना

(ग) अज्ञान रूपी अंधकार में जीना (घ) ज्ञान रूपी प्रकाश में जीना

(ii) जीवन के रहस्य खुलते हैं-

(क) अज्ञान के अंधकार से (ख) ज्ञान के प्रकाश से

(ग) धन एकत्र करने से (घ) मान-सम्मान देने से

(iii) गद्यांश से हमें संदेश मिलता है-

(क) शिक्षा व्यक्तियों के लिए आवश्यक है। (ख) शिक्षा केवल समाज के लिए आवश्यक है

(ग) शिक्षा बच्चों के लिए आवश्यक है। (घ) शिक्षा व्यक्ति-समाज दोनों के लिए आवश्यक है

(iv) शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है-

(क) महत्वाकांक्षी नागरिक बनाना ।

(ख) धैर्यवान नागरिक बनाना ।

(ग) देश को आर्थिक रूप से मज़बूत बनाना।

(घ) सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छा नागरिक बनाना ।

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A): मनुष्य को अपने उत्तरदायित्वों एवं कर्तव्यों को ईमानदारीपूर्वक निभाना चाहिए।

कारण (R): उत्तरदायित्वों एवं कर्तव्यों को निभाने के बाद ही हम अपने अधिकार पाने के अधिकारी बनते हैं ।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

जो पूर्व में हमको अशिक्षित या असभ्य बता रहे-
वे लोग या तो अज्ञ हैं या पक्षपात जता रहे ।
यदि हम अशिक्षित थे, कहें तो, सभ्य वे कैसे हुए ?
वे आप ऐसे भी न थे, आज हम जैसे हुए।
ज्यों-ज्यों प्रचुर प्राचीनता की खोज बढ़ती जाएगी,
त्यों-त्यों हमारी उच्चता पर ओप चढ़ती जाएगी ।
जिस ओर देखेंगे हमारे चिह्न दर्शक पाएँगे,
हमको क्या बतलाएँगे, जब, जो जहाँ तक जाएँगे ।
कल जो हमारी सभ्यता पर थे हँसे अज्ञान से-
वे आज लज्जित हो रहे हैं अधिक अनुसंधान से ।
गिरते हुए भी दूसरों को हम चढ़ाते ही रहे,
घटते हुए भी दूसरों को हम बढ़ाते ही रहे ।

(i) कवि ने 'अज्ञ' शब्द का प्रयोग किन लोगों के लिए किया है ?

(क) जो पूर्व में भारतीयों को अशिक्षित या असभ्य बता रहे हैं (ख) जो अज्ञानी हैं

(ग) जो स्वयं अशिक्षित और असभ्य हैं (घ) जिन्हें इतिहास का ज्ञान नहीं है।

(ii) 'ज्यों-ज्यों प्रचुर प्राचीनता की खोज बढ़ती जाएगी,
त्यों-त्यों हमारी उच्चता पर ओप चढ़ती जाएगी।' पंक्ति का उपयुक्त आशय बताइए है-

(क) प्राचीन सभ्यता की खोज करने पर बहुत कुछ सीखने को मिलेगा ।

(ख) जैसे-जैसे प्राचीन सभ्यता की खोज की जाएगी, भारत की महानता का परिचय मिलेगा।

(ग) प्राचीन सभ्यता की खोज अवश्य करनी चाहिए।

(घ) भारतीयों की उच्चता प्राचीन सभ्यता पर निर्भर है।

(iii) 'जब जो जहाँ तक जाएँगे—पंक्ति में निहित अलंकार का नाम चुनिए-

(क) उपमा (ख) अनुप्रास (ग) यमक (घ) पुनरुक्ति प्रकाश

(iv) उपर्युक्त काव्यांश में भारतीयों की किन-किन विशेषताओं की चर्चा की गई है? (अनुपयुक्त को छाँटिए)

(क) भारतवासी प्राचीनकाल में भी शिक्षित थे (ख) प्राचीनकाल में भारत की सभ्यता विकसित थी

(ग) भारतवासी दूसरों की भलाई करते थे (घ) भारतवासी अत्यंत वीर थे।

(v) काव्यांश में प्रयुक्त 'अज्ञान' शब्द का विलोम शब्द होगा-

(क) ज्ञान (ख) भरोसा (ग) ज्ञानी (घ) अभिमान

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x12=12)

(i) 'थोड़ा दूध हमारे लिए भी लेते आना' -वाक्य में विशेषण का भेद है -
(क) गुणवाचक (ख) परिमाणवाचक (ग) संख्यावाचक (घ) सार्वनामिक

(ii) 'गुरु जी गीता पढ़ाएँगे|' वाक्य में क्रिया का काल है -
(क) भूतकाल (ख) वर्तमान (ग) भविष्यत् काल (घ) अकाल

(iii) 'भारत की नारी महान है |' - कारक का भेद है -
(क) कर्म कारक (ख) संबंध कारक (ग) अधिकरण कारक (घ) कर्ता कारक

(iv) 'बच्चे मैदान में खेल रहे हैं '- वाक्य क्रिया का भेद है -
(क) द्विकर्मक (ख) अकर्मक (ग) सकर्मक (घ) सरल

(v) 'निरंतर कर्मशील रहने वाला' - वाक्यांश के लिए एक शब्द है -
(क) कर्मठ (ख) कलाकार (ग) वैज्ञानिक (घ) कष्टसाध्य

(vi) 'जहाँ से ओषधि(दवा) मिले' - वाक्यांश के लिए एक शब्द है -
(क) प्रयोगशाला (ख) व्यायामशाला (ग) औषधालय (घ) रुग्णालय

(vii) निम्न में द्विगु समास है :-
(क) तिनका (ख) त्रिभुवन (ग) चतुर -चालाक (घ) कमलनयन

(viii) 'बच्चों ने <u>यथाशक्ति </u>कार्य किया |' रेखांकित समस्तपद में कौन-सा समास है : -
(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव समास (ग) द्विगु समास (घ) कर्मधारय समास

(ix) लिखते समय कोई अंश छूट जाए तो _____ का प्रयोग करके उसे ऊपर लिखा जाता है -
(क) पूर्ण विराम (ख) हंसपद (ग) प्रश्नवाचक चिह्न (घ) लाघव चिह्न

(x) 'एंतन चेखव' रूसी साहित्यकार थे - वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -
(क) अल्प विराम (ख) विवरण चिह्न (ग) उद्धरण चिह्न (घ) विस्मयादिबोधक

(xi) 'बाधा डालना' - अर्थ के लिए मुहावरा है -
(क) रोड़ा अटकाना (ख) लोहे के चने चबाना (ग) मुँह की खाना (घ) सुध-बुध खोना

(xii) 'दूध का धुला होना' - मुहावरे का अर्थ है : -
(क) सफ़ेद होना (ख) निर्दोष होना (ग) शुभारंभ करना (घ) हाथ-पाँव चलाना

4. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x4=4)

(i) ग्रामीण महिलाओं ने साइकिल के रूप में चुना है - (अनुपयुक्त का चयन करें)
(क) स्वाधीनता (ख) आत्मनिर्भरता (ग) पिछड़ापन (घ) गतिशीलता

(ii) पुरानी और ऐतिहासिक चीज़ों के संग्रह का शौक किसे था ?
(क) लाला झाऊलाल को (ख) लाला की पत्नी को
(ग) अंग्रेज़ को (घ) पंडित बिलवासी मिश्र

(iii) बादल किस प्रकार दो देशों के बीच की तुच्छ सीमा को झुठला देते हैं ?
(क) पानी बरसाकर (ख) झड़ी लगाकर
(ग) लोगों की प्यास बुझाकर (घ) एक देश का वाष्पित जल दूसरे देश में बरसाकर

(iv) मनुष्य के व्यवहार में दूसरों को विरोधी बना लेनेवाले दोष हैं-
(क) विनम्रता, मधुरवाणी (ख) कटुवचन, अहंकार
(ग) दया, सहानुभूति (घ) परिश्रम, भरोसा

5. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

क्या यही भारतवर्ष है जिसका सपना तिलक और गांधी ने देखा था? रवींद्रनाथ ठाकुर और पंडित मदनमोहन मालवीय का महान संस्कृति- सभ्य भारतवर्ष किस अतीत के गह्वर में डूब गया? आर्य और द्रविड़, हिंदू और मुसलमान, यूरोपीय और भारतीय आदर्शों की मिलन- भूमि 'मानव महा-समुद्र' क्या सूख ही गया? मेरा मन कहता है ऐसा हो नहीं सकता। हमारे महान मनीषियों के सपनों का भारत है और रहेगा। यह सही है कि इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलानेवाले निरीह और भोले-भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ तथा फ़रेब का रोज़गार करनेवाले फल-फूल रहे हैं। ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है, सच्चाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है। ऐसी स्थिति में जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था हिलने लगी है।

(i) भारतवर्ष का सपना किसने देखा था?

(क) तिलक ने (ख) गांधी ने (ग)'क' और 'ख' दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) भारतवर्ष की महान सभ्य संस्कृति कहाँ डूब गई ?

(क) सागर में (ख) पाश्चात्य देशों में (ग) अतीत के गह्वर में (घ) युद्ध में

(iii) आज के माहौल में कौन अधिक परेशान है?

(क) ईमानदार लोग (ख) मेहनत करने वाले (ग) निरीह और भोले (घ) सभी

(iv) कायर और लाचार लोगों की वस्तु बनकर क्या रह गई है?

(क) धोखाधड़ी (ख) बेईमानी (ग) झूठ (घ) सच्चाई

(v) जीविका में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

(क) जीव (ख) विका (ग) इका (घ) का

## खंड - ब

6. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था। फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया। आपके विचार से वे चुप क्यों रहे? अपने विचार लिखिए।

(ii) तमिलनाडु के रूढ़िवादी पुडुकोट्टई गाँव में महिलाओं ने अपने पिछड़ेपन को त्यागने के लिए किस सामाजिक आंदोलन की शुरुआत की ? आरंभ में उन्हें किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

(iii) कबीर समाज में फैली कुरीतियों, जातीय भावनाओं, और बाह्य आडंबरों को अपने ज्ञान द्वारा समाप्त करना चाहते थे। साखियों के आधार पर सिद्ध कीजिए |

(iv) पक्षी और बादल की चिट्ठियों में पेड़-पौधे, पानी और पहाड़ क्या पढ़ पाते हैं ?

7. (क) चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मित्र को बधाई देते हुए 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए । (1x5=5)

अथवा

(ख) अपने मोहल्ले में फैली गंदगी की साफ़-सफ़ाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को अनुरोध पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए ।

8. 'सुलेखा' पेन और कॉपियाँ बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन 40-50 शब्दों में तैयार कीजिए । (1x5=5)

अथवा

'सूर्या बल्ब' बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन 40-50 शब्दों में तैयार कीजिए ।